Rotary

# मालिनी

Club Bulletin & E-Newsletter

31st August 2025 Volume: 46, Issue: 04

UNITE FOR GOOD
Rotary
2025 - 2026
RI President: Francesco Arezzo

# रोटरी क्लब कोटद्वार

(Rotary International Distt-3100 Charter Number:15354 Dt.21-06-1976 DG: Rtn.CA Nitin Agarwal)

Golden Jubilee Year (1975-76 to 2025-26)

"Service above Self"

अध्यक्ष –रो. ऋषि ऐरन सचिव –रो. विजय कुमार माहेश्वरी सम्पादक –रो. वाई. पी. गिलरा

## अंगदान जागरूकता रैली

### 30 August 2025

रोटरी क्लब कोटद्वार, इनरव्हील क्लब, इनरव्हील पिंक क्लब व इन्ट्रेक्ट क्लब के संयुक्त तत्वावधान मे समाज में जागरुकता लाने व अंगदान महादान का सन्देश को जन- जन तक पहुंचाने के लिए भव्य अंगदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमे स्कूलो के बच्चे , रोटरी क्लब, इनरव्हील क्लब के सदस्यो ने भाग लिया।

उक्त रैली का शुभारंभ महाराजा वैन्डिग प्वाइंट से नगर निगम महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने हरी झण्डी दिखाकर किया। इस अवसर उन्होने कहा कि अंगदान महादान होता है यह शरीर के कई अंगो का किया जा सकता है। अंगदान के लिए जागरूकता फैलाने की जरुरत है इसके लिए रोटरी क्लब कोटद्वार बहुत अच्छा कार्य कर रहा है।

रोटरी क्लब कोटद्वार के अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने कहा कि रैली निकालने का उद्देश्य समाज मे अंगदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना और अधिक से अधिक लोगों को इस पुण्य कार्य से जोड़ना है।

बाल भारती सीनियर सैकेण्डरी के संस्थापक गिरिराज सिंह रावत ने अंगदान- महादान के महत्व पर प्रकाश डाला। गिरिराज सिंह रावत के परिवार मे कई सदस्यो ने अंगदान व नेत्रदान किया है जो कि समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है।

इस अवसर दलजीत सिंह, वाई पी गिलरा, विपिन बक्शी व सचिव विजय कुमार अनिल भोला , शिल्पी अग्रवाल, शिप्रा अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किए।

रैली का संचालन संयोजक रो. सचिन गोयल एवं क्लब सचिव रो. विजय कुमार ने किया।

रैली महाराजा वैन्डिग प्वाइंट से शुरू होकर मालवीय उद्यान मे समाप्त हुई। रैली मे इन्ट्रेक्ट क्लब पृथ्वी विघा मन्दिर झण्डीचौड़ , रितेश शर्मा सरस्वती विघा मन्दिर इण्टर कालेज जानकीनगर , बाल भारती सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, रोटरी क्लब, इनरव्हील क्लब, इनरव्हील पिंक क्लब ने भाग लिया। रैली मे सभी ने हाथो मे अंगदान-महादान की तख्तिया ले रखी थी। सबने समाज को सन्देश दिया कि हम सब मिलकर अंगदान करने का संकल्प ले तथा किसी की जिंदगी मे रोशनी बने।


इस अवसर पर गिरिराज सिंह रावत, दलजीत सिंह, अध्यक्ष ऋषि ऐरन ,सचिव विजय कुमार , उपाध्यक्ष डी पी सिंह, कोषाध्यक्ष धनेश अग्रवाल, सचिन गोयल ,विजय कुमार माहेश्वरी सीनियर, गोपाल बंसल , कमल गुप्ता , ज्योति स्वरूप उपाध्याय, धीरजधर वछवान, अनिल भोला,अमित अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, बीना रावत, प्रतिभा गुप्ता, के एस नेगी, राजेश गुप्ता,गुरूबचन सिंह, विपिन बक्शी, भुवनेश कुंज, प्रवीण गोयल, संजीव अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष शिप्रा अग्रवाल, सचिव सपना अग्रवाल, इनरव्हील पिंक क्लब की अध्यक्ष शिल्पी अग्रवाल इत्यादि रोटरी व इनरव्हील सदस्य तथा एनीज उपस्थित थी।








Women in Rotary


Source: A Century of Service

In 1976, the RI Board of Directors was interested in creating a concise definition of the fundamental aspects of Rotary. They turned to Rotary's Public Relations Committee, which prepared a one-sentence summary that is still used today: "Rotary is an organization of business and professional persons united worldwide who provide humanitarian service, encourage high ethical standards in all vocations, and help build goodwill and peace in the world."

60

ROTARY INFORMATION - ypgilra










## DISTRICT CLUB'S PERFORMANCE INDEX
## ROTARY CLUB KOTDWARA
## TODAY MORNING DATA




On31st August 2025 morning
Rotary Club Kotdwara
On the Club Performance Index in the District 3100 Web Site.

**Overall standing 25th (1250 points)-**

Public Relation 5th/6th (500 points)
Membership- 30th (600 points)
Club Service & Admin.-36th (50 points)
Service Projects- 37th (100 points).

